# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 20 मार्च, 2015/29 फाल्गुन, 1936 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 33**

----

### उठाऊ पेयजल योजना समलेट

***1632 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में फतेहपुर-ज्वाली उप-मण्डल के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना समलेट का कार्य किस-किस ठेकेदार को दिया गया; ब्यौरा दें ?

----

### स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***1633 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में कितने पद रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा जगह के नाम सहित दें; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## वन विहार मनाली

***1634 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वन विहार मनाली में स्थानीय युवा और महिलाएं पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियां चलाते हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में वन विभाग और जिला प्रशासन ने इन गतिविधियों को प्रतिबन्धित करने हेतु अधिसूचना जारी कर दी है; और

(ग) अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## भवन निर्माण

***1635 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनवाड़ी केन्द्र हैं; नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) ऐसे कितने केन्द्र हैं जिनके पास जगह है लेकिन भवन का निर्माण अभी नहीं हुआ है; और

(ग) कितने आंगनवाड़ी केन्द्र हैं जो किराए के भवन में चल रहे हैं; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## पटवारियों की रिक्तियां

***1636 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार वर्तमान में दून विधान सभा चुनाव क्षेत्र की तहसील बद्दी व उप-तहसील कुठाड़ (कृष्णगढ़) में रिक्त पटवारियों के पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; और

(ख) जिन पटवारियों के स्थानान्तरण आदेश जिलाधीश कार्यालय में लम्बित हैं; उन्हें कब तक लागू कर दिया जाएगा ?

----

## संशोधित मानदेय

***1637 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में महिला एवं बाल विकास के अन्तर्गत Integrated Child Protection Scheme (ICPS) के अधीन कितने अधिकारियों/कर्मचारियों अथवा जिला बाल कल्याण समिति के सदस्यों को संशोधित वेतन अथवा मानदेय दिया जा रहा है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार द्वारा कुछ कर्मचारियों को ही संशोधित व नवीनतम मानदेय दिया जा रहा है; यदि हां, तो किस-किस स्तर के अधिकारियों को दिया जा रहा है; ऐसा किस कमेटी की सिफारिश पर किया गया; ब्यौरा कारणों सहित दें ?

----

## Filling-up of Vacant Posts

***1638 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
**Shri Jai Ram Thakur(Seraj) :**
**Shri Virender Kanwar(Kutlehar) :**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Health Institutions are there in the State;

(b) how many posts of all categories are created in these Institutions;

(c) how many posts of all categories are lying vacant; and

(d) how many Doctors have been appointed by Government from 01-01-2013 till 15-02-2015?

----

## बन्दरों की नसबन्दी

***1639 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री सुरेश कुमार (पच्छाद) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में बन्दरों के कितने नसबन्दी केन्द्र कहां-कहां और कब- कब स्थापित किए हैं; कितने निर्माणाधीन हैं और प्रत्येक केन्द्र की वार्षिक क्षमता क्या है और इन केन्द्रों में वर्षश: कितने-कितने बन्दरों की नसबन्दी की गई; और

(ख) सरकार ने क्या इस प्रकार की घोषणा की जो व्यक्ति नसबन्दी केन्द्र पर बन्दर पकड़ कर लाएगा उसे प्रति बन्दर 500 रूपये दिए जाएंगे; यदि हां, तो अब तक कितने व्यक्तियों ने यह काम किया और उन्हें कितना-कितना पैसा दिया गया; ब्यौरा दें ?

----

## लीज रैन्ट में बढ़ौतरी

*1640 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2012-13 में प्रदेश में Enhancement of Lease Rent का क्या प्रावधान था व वर्तमान में क्या है; वर्षवार बढ़ाए गए Lease Rent का ब्यौरा दें; और

(ख) स्पैन-मोटलज प्रा0 लि0 बडाग्रां-कुल्लू मनाली का Lease Rent 30.09.2012 तक प्रतिवर्ष 1,08,360/-रूपये था और इसे बढ़ाकर अब 33,79,694/-रूपये किया गया है; ब्यौरा कारणों सहित दें ?

----

## नदौन मल प्रवाह योजना

*1641 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला हमीरपुर के नदौन में मल निकासी योजना का शिलान्यास कब हुआ; और

(ख) इसका कितना कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## कूहलों का निर्माण

*1642 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि बैजनाथ विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कूहलों के निर्माण हेतु धनराशि न होने के कारण निर्माण कार्य रूक गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस कार्य हेतु कब तक पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी?

----

## भूतपूर्व सैनिकों की रिक्तियां

***1643 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.4.2013 से 15.2.2015 तक प्रदेश के विभिन्न विभागों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए चिन्हित कितने पद रिक्त थे; ब्यौरा श्रेणी का विभागशः दें; और

(ख) इनमें से कितने पद स्थाई/अस्थाई रूप से भरे गये; ब्यौरा श्रेणी का विभागशः दें?

----

## कार्य का आबंटन

***1644 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में विधान सभा चुनाव क्षेत्र भटियात के अन्तर्गत जिन योजनाओं पर सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है, वह सभी सरकारी भूमि पर हो रहे हैं; उन सभी का ब्यौरा कार्य, स्थान व ठेकेदारों के नाम सहित दें; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे कौन-कौन से कार्य हैं जो विभाग के नाम भूमि न होने के कारण बन्द पड़े हैं तथा कितने चल रहे हैं; ब्यौरा कार्य, स्थान व ठेकेदारों के नाम पते व अनुमानित लागत सहित दें?

----

## क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में मूलभूत सुविधाएं

***1645 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में क्षेत्रीय अस्पताल, बिलासपुर में सभी लैब टैस्ट, एक्स-रे व अल्ट्रासाऊंड की सुविधा प्रदान की जा रही है;

(ख) यह सत्य है कि यहां पर ट्रॉमा सैंटर का उद्घाटन भी कर दिया गया है; यदि हां, तो कब और कितना स्टाफ तैनात किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## ग्राम एवं नगर नियोजन के अन्तर्गत नए क्षेत्र

*1646 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में प्रदेश में TCP के अन्तर्गत कौन-कौन से नये क्षेत्र शामिल किये गये हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों को भी क्या इसमें शामिल किया गया है; यदि हां, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को इससे बाहर निकालने पर विचार करेगी ?

----

## Medical College Hamirpur

*1647 **Shri Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government has selected the site for opening the Medical College in Hamirpur District; and

(b) if so, details be given ?

----

## सिंचाई योजनाएं

*1648 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) जसवां-प्रागपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई की कितनी योजनाएं हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) यह योजनाएं कब-कब बनी; अलग-अलग योजना पर कितना-कितना व्यय हुआ तथा वर्तमान में कौन-कौन सी योजनाएं बन्द पड़ी हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Settlement in Lahaul and Spiti

*1649 **Shri Ravi Thakur (Lahaul and Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that land settlement in Lahaul and Spiti has not been done after 1951; and

(b) if so, by when the land settlement will take place ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*1650 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चम्बा जिला में कितने नए PHC खोले गए हैं; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ख) सरकार चुराह विधान सभा क्षेत्र में नए PHC या CHC खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## Vacancy Position

*1651 **Shri Mohan Lal Brakta (Rohru):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) at present how many posts of Doctor are lying vacant in the Civil Hospital Rohru and other institutions in Rohru Constituency; details be given;

(b) how many PHCs are running in private accommodation and how many are in their own building; details be given; and

(c) whether there is any proposal of the Government to open new PHCs in the Rohru Constituency ?

----

## अवैध कब्ज़ा

*1652 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला ऊना के अन्तर्गत पटवार वृत्त अम्बोटा, उपमहाल शिवबाड़ी में खसरा नं0 3491 नाम मालिक सरकार पर अवैध कब्ज़ा का केस न्यायालय में चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस सरकारी भूमि पर किसका अवैध कब्ज़ा है तथा किसने इस भूमि पर अवैध भवन निर्मित कर किराए पर दे रखा हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ग) इस सरकारी भूमि का तबादला क्या निजी मलकीयती भूमि से किया जा रहा है; यदि हां, तो किस नियम तथा किसके आदेशों के अन्तर्गत; और

(घ) अब तक किस-किस विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए हैं तथा राजस्व अधिकारियों ने क्या रिपोर्ट भेजी है; ब्यौरा दें ?

----

## उप-निदेशकों की रिक्तियां

*1653 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में Ex-servicemen Cell में उप-निदेशकों के कितने पद कौन-कौन से जिले में सृजित हैं; और

(ख) इनमें कितने पद रिक्त हैं और इन्हें कब तक भर दिया जायेगा; ब्यौरा जिलावार दें ?

----

## डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा

*1654 **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मैडिकल काऊंसिल ऑफ इण्डिया ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा, कांगड़ा पर कुछ आपत्तियां दर्ज की हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) यह भी सत्य है कि इन आपत्तियों के मध्यनज़र वहां संचालित एम0बी0बी0एस0 के चौथे बैच की मान्यता व लगभग 100 छात्रों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया है; और

(ग) यदि हां, तो इसके लिए कौन उत्तरदायी है; ब्यौरा कारणों सहित दें ?

----

## निश्चेतनता चिकित्सक की रिक्ति

*1655 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जोनल अस्पताल कुल्लू में कितने बिस्तर की क्षमता है और यहां पर स्टाफ स्ट्रेन्थ क्या पर्याप्त है; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल कुल्लू में निश्चेतनता चिकित्सक व अन्य स्टाफ के पद रिक्त हैं; यदि हां; तो इन्हें जनहित में कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## सामाजिक सुरक्षा पैन्शन

***1656 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वृद्धा पैन्शन, विधवा पैन्शन व अपंगता पैन्शन के लिए कितने पात्र व्यक्तियों ने आवेदन किया है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) इन आवेदनकर्ताओं में से कितनों को पैन्शन स्वीकृत की गई है और कितने शेष हैं; ब्यौरा दें?

----

## वाल्द नदी का तटीयकरण

***1657 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सरकार दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वाल्द नदी का चैनेलाईजेशन करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## Gujjar Hostel

***1658 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that a Gujjar Hostel is running at Kihar in Chamba District; if yes, since when; and

(b) what steps the Government is taking to improve the facilities in the hostel ?

----

## रिक्त पद

***1659 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यान विकास व उद्यान प्रसार अधिकारियों के कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## उठाऊ पेयजल योजनाओं का सुधार

***1660 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल सरकाघाट के अधीन आने वाली कितनी उठाऊ पेयजल योजनाओं में सुधार की आवश्यकता है; ब्यौरा नामवार दें; और

(ख) सरकार क्या इनके सुधार हेतु धन का प्रावधान करेगी; यदि हां, तो कब तक?

----

## आशा वर्कर्ज़ की नियुक्तियां

***1661 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला बिलासपुर के अन्तर्गत मारकण्ड मैडिकल ब्लॉक में आशा वर्कर्ज़ की नियुक्तियां कब की गईं और इनकी भर्ती के लिए कौन सी प्रक्रिया अपनाई गई;

(ख) इन नियुक्तियों के लिए प्रत्याशियों के लिए क्या शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता निर्धारित की गई थी; नियमों व शर्तों सम्बन्धी अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) मारकण्ड मैडिकल ब्लॉक के अन्तर्गत क्या कुछ पंचायतों में नियुक्तियों को रद्द किया गया है; यदि हां, तो किन-किन पंचायतों में; ब्यौरा कारणों सहित दें ?

----

## CHC Kaza

***1662 Shri Ravi Thakur (Lahaul and Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Government is upgrading CHC Kaza to FRU i.e. 50 Beded Hospital; and

(b) what steps have been taken to complete the formalities and by when it will be upgraded ?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

***1663 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक रोहड़ू विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने Handpumps लगाये गए; और

(ख) इस अवधि में कितनी DPR बनी और कितने कार्य शुरू हुए; और

(ग) वर्तमान में कितनी पेयजल (Water Supply Schemes) व अन्य योजनाएं तैयार हैं; परन्तु चालू नहीं की गई; ब्यौरा दें ?

----

## वार्ड आरक्षित करना

***1664 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि स्थानीय निकाय चुनावों में भी पंचायती राज संस्थानों की तरह अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए चुनाव के वक्त वार्ड आरक्षित करने का प्रावधान है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार आने वाले चुनावों से पूर्व नियमित रूप से इस व्यवस्था को लागू करने का प्रावधान करने पर विचार करेगी ?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 4 मार्च, 2015.** **सचिव।**